प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई-400001
Department of Communication, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai-400001 फोन/Phone: 022- 22660502

15 सितंबर 2023

मार्च 2023 के लिए वित्तीय समावेशन सूचकांक

सरकार सहित संबंधित हितधारकों के परामर्श से भारतीय रिज़र्व बैंक ने देश भर में वित्तीय समावेशन की सीमा को मापने के लिए एक सम्मिश्र वित्तीय समावेशन सूचकांक (एफआई-सूचकांक) का निर्माण किया था जिसे पहली बार मार्च 2021 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए अगस्त 2021 में प्रकाशित किया गया था।

मार्च 2023 को समाप्त वर्ष के लिए सूचकांक तैयार किया गया है। मार्च 2022 में **56.4** की तुलना में मार्च 2023 के लिए एफआई-सूचकांक **60.1** है, जिसमें सभी उप-सूचकांकों में संवृद्धि देखी गई है। एफआई सूचकांक में सुधार मुख्य रूप से उपयोग और गुणवत्ता आयामों के योगदान से था, जो वित्तीय समावेशन की प्रगाढ़ता को दर्शाता है।

(योगेश दयाल)
मुख्य महाप्रबंधक

प्रेस प्रकाशनी: 2023-2024/930